पेज थ्री
देहरादून

पुस्ते के ढह जाने के बाद औचक निरीक्षण करते हुए मंत्री सतपाल महाराज।



देहरादून, शनिवार 17 जुलाई 2021

हमारा दून





### विकास के साथ ही पर्यावरण संतुलन के लिए किए जा रहे हैं प्रयासः वन एवं पर्यावरण मंत्री

वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि सरकार द्वारा विकास के साथ पर्यावरण संतुलन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तराखंड का संतुलित विकास हो यह हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कुछ कार्य आत्म संतुष्टि के लिए भी होने चाहिए। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का परिणाम आज सबके सामने है। प्रकृति अनेक रूपों में बदला जरूर लेती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की धरती लोगों की आस्था का केंद्र है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द वर्धन, प्रमुख वन संरक्षक राजीव भरतरी, अपर प्रमुख वन संरक्षक श्रीमती ज्योत्सना सिथलिंग, डी.जी.के शर्मा, जिलाधिकारी देहरादून डॉ. आशीष श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष एमडीडीए रणवीर सिंह चौहान एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पौधारोपण के साथ ही उनका संरक्षण भी जरूरीः मुख्यमंत्री

**आग्रह**
जनता से बुके की जगह पौधा भेंट करने का मुख्यमंत्री ने किया आग्रह

**प्रतीक**
हरेला पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर एवं परंपरा का प्रतीक

**हरेला पर्व**

■ हरेला पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एमडीडीए सिटी पार्क में किया पौधारोपण

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहस्त्रधारा हेलीपैड के निकट एम.डी.डी.ए सिटी पार्क में वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड का लोकपर्व हरेला सम्पन्नता, हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण का पर्व है। यह पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर एवं परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण का कार्यक्रम केवल सरकारी कार्यक्रम तक ही सीमित न रहे। इसे जन –जन का कार्यक्रम बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ ही उनका संरक्षण हो इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता से आग्रह किया कि मुख्यमंत्री से भेंट के लिए लोग बुके न दें। बुके की जगह पर पौधा भेंट करें। प्रदेश में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण हो हरेला पर्व पर हमें यह संकल्प लेना है।

उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए अनेक सराहनीय प्रयास किए गए। हमारी भावी पीढ़ी को हरा भरा उत्तराखंड मिले, इस दिशा में हमें लगातार प्रयास करने होंगे। जल स्रोतों के सूखने पर मुख्यमंत्री ने चिन्ता जताते हुए कहा कि जल स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में प्रयास करने होंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड संस्कृति और प्रकृति का केंद्र भी है। उत्तराखंड की धरती से पर्यावरण संरक्षण का संदेश विश्वभर में जाए।

वृक्षारोपण एवं अनेक सामाजिक कार्यों से हम सबको अपना योगदान देना होगा। उत्तराखंड राज्य बनने के बाद यहां के धार्मिक परंपराएं, रीति रिवाज का व्यापक प्रसार हुआ है।



## संक्षिप्त समाचार

### गृहमंत्री शाह ने दी शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। प्रकृति की समृद्धता का परिचायक हरेला पर्व प्रदेशभर में धूम–धाम से मनाया गया। गृहमंत्री अमित शाह, राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी ने हरेला की शुभकामनाएं दी। गृहमंत्री ने ट्वीट किया, प्रकृति उपासना को समर्पित देवभूमि उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

### बिग बाजार और एफबीबी ने होम डिलीवरी' में 'स्टेप आउट इन स्टाइल' को किया शामिल

**संवाददाता** देहरादून। लॉकडाउन के दौरान ग्राहकों की दैनिक जरूरत की चीजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई 2–आवर होम डिलीवरी यानी दो घंटे में होम डिलीवरी सर्विस को जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिलने के बाद बिग बाजार और एफबीबी ने इस सर्विस के दायरे में नए फैशन कलेक्शन 'स्टेप आउट इन स्टाइल' को भी शामिल कर लिया है।

### महिंद्रा ने 8.48 लाख की नई बोलेरो नियो किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, जो भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियों में से एक है और वॉल्यूम की दृष्टि से दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी है, आज अपने आइकॉनिक बोलेरो एसयूवी पोर्टफोलियो के सबसे नये सदस्य – बोलेरो नियो को लॉन्च किया। यह आज से भारत में महिंद्रा के सभी डीलरशिप्स में उपलब्ध होगा।

# हरेला उत्तराखंड का महत्वपूर्ण लोक पर्व

**पौधारोपण**

■ सीएम ने एसडीआरएफ बटालियन, जौलीग्रांट में पौधारोपण किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरेला पर्व के अवसर पर एसडीआरएफ बटालियन, जौलीग्रांट में वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेला उत्तराखंड का महत्वपूर्ण लोक पर्व है। हमें व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण के साथ ही उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देना होगा। विज्ञान तेजी से तरक्की कर रहा है। इससे मानव जीवन



में सुख सुविधाएं तो बढ़ी हैं, लेकिन पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण जरुरी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कोविड को वजह से वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति चिंता बढ़ी है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान उत्तराखंड पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया किया गया। मिशन हौंसला के तहत पुलिस द्वारा अनेक जरूरतमंदों की सेवा की गई। स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि हरेला पर्व उत्तराखंड कि संस्कृति से जुड़ा पर्व है। हरेला पर्व के अवसर पर प्रदेश में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एस.डी.आर.एफ द्वारा उत्तराखंड में सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि इस वर्ष पुलिस द्वारा प्रदेश में एक लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया था। 5 जून से अभी तक पुलिस द्वारा 90 हजार से अधिक वृक्षारोपण किए जा चुके हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक पी.वी. के. प्रसाद, अपर प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री अभिनव कुमार एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### मंत्री सतपाल महाराज ने एनएच के अधिकारियों को लगाई फटकार

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रेमनगर में पुश्ता गिरने की घटना पर नेशनल हाईवे के अधिकारियों को फटकार लगाई। इसके साथ ही दौरान उन्होंने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए पुश्ते की गुणवत्ता की जांच के भी निर्देश दिए। लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने शुक्रवार को प्रेम नगर स्थित पांवटा हाईवे को चौड़ा करने के बाद सड़क किनारे बनाए गए पुस्ते के ढह जाने के बाद औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने पर मौके पर मौजूद नेशनल हाईवे के अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने पांवटा हाईवे को चौड़ा कर सड़क किनारे बनाए गए पुश्ते के ढह जाने के मामले को गंभीरता से लिया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+










Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।